Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 73 रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## नगरनार स्टील प्लांट में भीषण आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोक ओवन सेक्शन में गैस लीक के बाद भीषण आग भड़क उठी. आग इतनी विकराल थी कि 10 किलोमीटर दूर से लपटें और धुआं साफ नजर आ रहे थे, प्लांट में रखी कीमती बैटरियां जलकर खाक हो गईं. यह भी पढ़ें = छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता की भी फर्जी डॉक्टर के ऑपरेशन के बाद गई थी जान, सीएमएचओ ने बिलासपुर अपोलो अस्पताल से मांगा जवाबज

फायर ब्रिगेड की गाड़ियां शहर से 18 किमी दूर से घटनास्थल पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद



### जन हानि नहीं हुआ

आग पर काबू पाया जा सका. इस हादसे से प्लांट को करोड़ों का नुकसान हुआ है, मेंटनेंस और उत्पादन में देरी से भी बड़ा घाटा होगा. इस पूरे घटनाक्रम में राहत की बात यह रही कि समय रहते कर्मचारियों ने खुद को सुरक्षित कर लिया, जिससे जनहानि नहीं हुई. आग लगते ही पूरे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई, कर्मचारी जान बचाने में जुटे रहे, वहीं अधिकारी हालात को रूटीन बताकर कर्मचारियों को काम पर लगाए रखने का दबाव बनाते रहे. चिंता की बात यह है कि पूर्व में भी आगजनी और हॉट मेटल के छिड़काव जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए थे, फिर भी न तो आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए गए, न ही कर्मचारी इलाज के लिए कोई अस्पताल प्लांट के पास मौजूद है.

## सुप्रीम कोर्ट की तमिलनाडु राज्यपाल को फटकार विधेयकों को मंजूरी नहीं देने पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु का राज्यपाल को फटकार लगाई है और विधेयकों को मंजूरी नहीं देने को संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन बताया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता से काम करना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा कि राज्यपाल किसी विधेयक को रोक नहीं सकते और न ही किसी विधेयक पर वीटो या पॉकेट वीटो नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल या तो विधेयक को मंजूरी दे सकते हैं या फिर उस विधेयक को राष्ट्रपति के पास विचार करने के लिए भेज सकते हैं। पीठ ने कहा कि राज्यपाल दूसरी बार राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजने की बात कहकर विधेयक को नहीं रोक सकते।

## औरंगजेब की कब्र वाले खुल्ताबाद शहर का नाम बदलकर रत्नापुर रखा जाएगा

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में औरंगजेब को लेकर मचे बवाल के बीच देवेंद्र फडणवीस सरकार के मंत्री ने खुल्ताबाद शहर का नाम बदलने का एलान कर दिया है। महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट ने कहा है कि मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र वाले खुल्ताबाद शहर का नाम बदलकर रत्नापुर रखा जाएगा। सामाजिक न्याय मंत्री, राज्य के कुछ अन्य नेता और दक्षिणपंथी संगठन छत्रपति संभाजीनगर शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर खुल्ताबाद से औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग कर रहे हैं। औरंगजेब, उसके बेटे आजम शाह, निजाम आसफ जाह और कई अन्य लोगों की कब्रें इस इलाके में स्थित हैं।

## राजधानी में दिनदहाड़े युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी में आज मंगलवार को दिनदहाड़े चाकूबाजी की घटना सामने आई है. आरोपी ने विवाद के बाद युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र के नगर निगम कॉलोनी का है. पुलिस ने वारदात को अंजाम देकर फरार आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर लिया है. मृतक की पहचान गोपी निषाद के रूप में हुई है.

### सुबह फिर हुई चाकूबाजी की घटना

जानकारी के मुताबिक, गोपी निषाद उर्फ मंगल सुबह से शराब और गोली के नशे में धुत्त था. आज मंगलम भवन के सामने आरोपी शुभम साहू और गोपी निषाद के बीच नशे को लेकर मामूली विवाद हुआ. इस दौरान शुभम साहू ने गोपी निषाद के शरीर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. जिसके बाद गोपी निषाद की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना के बाद पुलिस मामले की पतासाजी में जुट गई है. साइबर पुलिस की मदद से पुलिस ने आरोपी शुभम साहू को मेकाहारा के पास से गिरफ्तार कर लिया है. गौरतलब है कि आरोपी शुभम साहू पहले भी हत्या का प्रयास, मारपीट और चोरी जैसे अपराधों में जेल जा चुका है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### पंडरी में एक्सीडेंट, दो युवकों को घायल कर कार चालक फरार




**रायपुर,** 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में एक और हिट एन्ड रन का मामला सामने आया है. एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी. हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है. जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. मामला मोवा थाना क्षेत्र का है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना पंडरी के दुबे कॉलोनी मोड़ के पास हुई. बीती रात बाइक पर सवार होकर जा रहे दो युवकों को एक कार ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी. दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए. हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. सूचना पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेकाहारा अस्पताल रेफर कर दिया गया।




चूहा- सुनती हो, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है।

चुहिया- हां जी, कह रहे हैं डोनाल्ड ट्रंप के कारण बढ़ाना पड़ रहा है।

## भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश आएंगे रायपुर कल महामंत्रियों, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की लेंगे बैठक

**रायपुर,** 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश कल यानी 9 अप्रैल को पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैक टू बैक बैठकें करेंगे. वे आज रात रायपुर पहुंचेंगे. निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में हुई नियुक्ति के बाद यह उनका पहला दौरा है. साय मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच उनका दौरा काफी अहम माना जा रहा है.



भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवप्रकाश 9 अप्रैल को सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक पार्टी के महामंत्रियों की बैठक लेंगे. इसके बाद सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक निगम-मंडल और आयोगों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी. दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक भाजपा के सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक रखी गई है. वहीं दोपहर 3 बजे से 4.30 बजे तक नगरीय-निकायों के महापौर, सभापति, अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ-साथ जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे.

## झंडा लगाते समय हाइड्रोलिक गाड़ी के अनियंत्रित होने से गिरे युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**रायपुर,** 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियों के लिए झंडा लगा रहे एक युवक की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. घटना में दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर मृतक के परिजनों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता गोबरा नवापारा थाना में धरना देते हुए नारेबाजी कर रहे हैं. घटना अभनपुर के नवापारा के वार्ड क्रमांक 12 की है. 22 वर्षीय नितुल बीती रात अपने 2 साथियों के साथ नगर पालिका की गाड़ी में हनुमान जयंती महोत्सव के तैयारी के लिए राजिम रोड पर स्थित दम्मानी पेट्रोल पंप के पास सड़क के डिवाइडर में झंडा लगाने गया था. वाहन के हाइड्रोलिक में तीनों युवक चढ़कर झंडा लगा रहे थे, इसी दौरान ड्राइवर ने गाड़ी को आगे बढ़ाया तो हाइड्रोलिक पर खड़े तीनों युवक अनियंत्रित हो गए, जिससे नितुल और एक अन्य युवक सड़क पर गिर गए, वहीं तीसरे युवक ने खंभे को पकड़ कर लटक गया. नीचे गिरने से नितुल का सिर फट गया, वहीं दूसरा युवक कमर के बल गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. मामले की जानकारी मिलते ही दोनों को पहले नवापारा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए मेकाहारा रायपुर रिफर कर दिया गया. मेकाहारा में चिकित्सक ने नितुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक का इलाज जारी है. घटना की जानकारी मिलते ही आज सुबह नवापारा नगर में फैलने के बाद नगरवासियों में शोक की लहर फैल गई है.

### आज से सुशासन तिहार शुरू

## प्रथम चरण में आज से 11 तक राजधानी के सभी 70 वार्डों में लिए जाएंगे आवेदन

**रायपुर,** 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक 3 चरणों में आयोजित होगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज इस संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाले आवेदनों को गंभीरता से ले और गुणवत्तापूर्ण समाधान करना सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर ने दिए निर्देश- सभी आवेदनों को गंभीरता से लें, गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में, ग्राम पंचायतों में और नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार समाधान पेटी रखी जाएगी, जिसमें आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन डाल सकेंगे। साथ ही यह आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भी किये जा सकेंगे। गौरतलब है कि, सुशासन तिहार के निरीक्षण के लिए अनुविभाग स्तर पर 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी अनुविभागों में आज इस संबंध में कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। जनता को आवेदन लिखने में सहायता के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में सार्वजनिक स्थलों पर आवेदन प्राप्त करने और सम्बंधित आवेदकों को पावती देने का कार्य किया जाएगा। सभी 70 वार्डों में आमजनों से समस्याओं के आवेदन प्राप्त करने प्रथम चरण में दिनांक 8 से 11 अप्रैल 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाले आयोजन में सभी स्थलों पर आमजनों के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें।

## चरित्र शंका को लेकर सिर कुचलकर पत्नी ने की पति की हत्या

**कोरबा,** 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। थाना लेमरू क्षेत्र में कोरबा पुलिस ने हत्या के मामले का खुलासा किया है। आरोपी पत्नी ने ही अपने पति की पत्थर से कुचलकर हत्या की थी। पुलिस ने अपराध क्रमांक 12/2025 धारा 103 (1) भारतीय दंड संहिता के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



जानकारी के अनुसार आरोपिया अमासो तिर्की, पति स्व. जयप्रकाश तिर्की, उम्र 40 वर्ष, निवासी कुटुरुवा, पलोटी नगर थाना लेमरू में मर्ग क्रमांक 05/2025 धारा 194 बीएनएसएस के अंतर्गत मृतक जयप्रकाश तिर्की की मृत्यु की जांच की गई। मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं मृतक के परिजनों के कथन लिए गए। संदेहास्पद परिस्थितियां होने के कारण मृतक का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय कोरबा में कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि मृतक की मृत्यु किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कठोर वस्तु से सिर में गंभीर चोट पहुंचाने के कारण हुई है। रिपोर्ट के आधार पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर साइबर सेल एवं यातायात प्रभारी रविंद्र कुमार मीना तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोरबा भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लेमरू को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों के पालन में साइबर सेल टीम तथा थाना लेमरू पुलिस द्वारा सघन विवेचना की गई। इस दौरान मृतक की पत्नी अमासो बाई से हिकमतअमली से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि उसका पति उस पर चरित्र को लेकर शंका करता था। मोबाइल में फिल्में देखकर आपत्तिजनक हरकतें करता था। मना करने पर गाली-गलौज एवं मारपीट करता था, जिससे तंग आकर वह घर से बाहर नाले की ओर जा रही थी। इसी दौरान दोनों में विवाद हुआ, जिसमें मृतक द्वारा गला दबाने की कोशिश की गई। जिसके बाद उसे धक्का देने पर उसका सिर पत्थर से टकरा गया और वह गिर गया। इसके बाद आरोपिया ने सिर को पकड़कर पत्थर में दो-तीन बार पटका जिससे उसकी मृत्यु हो गई।आरोपिया द्वारा अपराध स्वीकार करने एवं घटना के दिन पहने हुए कपड़े प्रस्तुत करने पर उन्हें साक्षियों के समक्ष जप्त किया गया।


